संजीवनी टुडे

# भावनगर में नकली नोटों के साथ तीन गिरफ्तार

इनपुट- यूनीवार्ता

संजीवनी टुडे 06-09-2019 15:52:45




*गुजरात में भावनगर जिले के मोटा खुंटवडा क्षेत्र में 2000 रुपये के नकली नोटों के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।*

**भावनगर। गुजरात में भावनगर जिले के मोटा खुंटवडा क्षेत्र में 2000 रुपये के नकली नोटों के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया।**

**पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर मोटा खुंटवडा गांव में नहर के पास आसराणा चार रास्ता के निकट मोटरसाइकिल पर जा रहे इसी गांव के निवासी भगुभाई उर्फ भगत भरवाड (26) की गुरुवार देर रात तलाशी ली गयी। उसके बताने पर गांव में डॉ राकेशभाई आहिर (37) की उसके क्लीनिक पर तलाशी ली गयी।**

**तलाशी के दौरान दोनों के पास से 2000 रुपये के कुल 13 नोट जब्त कर लिए गए। इस सिलसिले में भगु को नकली नोट देने वाले महुवा के नेसवड निवासी चिराग उर्फ मुन्नु जे. मकवाणा (29) को भी पकड़ लिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज करके आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।**

Source: https://www.sanjeevnitoday.com/state/three-arrested-with-fake-notes-in-bhavnagar/20190906/283106